जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-48 | जयपुर, सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## मुख्यमंत्री का बड़ा बयान

# रात 8 बजे के बाद खुली शराब की दुकानों पर होगी सख्त कार्रवाई

# अपराधों की रोकथाम के लिए राज्य में पुलिस पूरी तरह सतर्क



**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में पुलिस सराहनीय कार्य कर रही है। राजस्थान पुलिस के नवाचारों के कारण अपराधों के अनुसंधान में लगने वाला समय कम हुआ है। राज्य में हुई जघन्य घटनाओं में पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाइयां एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा आमजन को न्याय सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। गहलोत पुलिस मुख्यालय में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पुलिस द्वारा अनुसंधान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आईटी और सोशल मीडिया का उपयोग करना चाहिए। गहलोत ने कहा कि राज्य में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अभय कमाण्ड सेन्टर को और सुदृढ़ किया जा रहा है एवं 30 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य जल्दी पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के लगभग सभी पुलिस थानों में स्वागत कक्ष बनाए जा चुके हैं।





### शराब की दुकानें 8 बजे सख्ती से बंद करवाई जाएंगी

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य में शराब की दुकानों के बंद होने का समय रात 8 बजे है, जिसका सख्ती से पालन करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि रात 8 बजे के बाद शराब की दुकानें खुली पाई गई तो उस इलाके के पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए । गहलोत ने कहा कि बच्चों और युवाओं में ड्रग्स लेने की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय है। इसके लिए शिक्षा विभाग के सहयोग से एक व्यापक जागरूकता अभियान आरम्भ किया जाएगा।

### पुलिस की कार्यशैली से प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में कानून व्यवस्था की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है तथा जघन्य अपराधों के शीघ्र अनुसंधान व अपराधियों को सजा दिलाने हेतु हीनियस क्राइम मॉनिटरिंग यूनिट (एचसीएमयू) का गठन किया गया है। इसी प्रकार महिला अत्याचार पर प्रभावी रोकथाम तथा उनसे जुड़े अपराधों के त्वरित अनुसंधान के लिए जिलों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में स्पेशल इंवेस्टिगेशन यूनिट फॉर क्राइम अगेंस्ट वुमेन गठित किया गया।

### मृतक के शव को लेकर प्रदर्शन सांस्कृतिक मूल्यों के विपरीत

बैठक में मुख्यमंत्री ने मुआवजे के लिए हादसे में मृतक के शव को लेकर विरोध प्रदर्शन करने की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की और इसे सांस्कृतिक मूल्यों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि ऐसे मामलों में दोषी को सजा मिले। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रकरणों में समाज के लोगों को भी सकारात्मक रूख अपनाना चाहिए।

### गैंगस्टरों पर होगी कड़ी कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि पड़ोसी राज्यों से आकर राजस्थान में अपराध करने वाले अपराधी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए राज्य के पड़ोसी राज्यों से लगते जिलों में पुलिस को विशेष रूप से सक्रिय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेलों के अंदर से अपराध गतिविधियां चलाने वाले गैंगस्टरों पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अपराधियों का महिमामण्डन करने वाले लोगों, साप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने और अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही कानून व्यवस्था के प्रभावी संधारण के लिए पुलिस प्रशासन को होमगार्ड के एक हजार जवान उपलब्ध कराए जाएंगे।

## गुजरात जनादेश को पीएम मोदी का नमन

# कहा- जनता ने रिकॉर्ड तोड़ने में भी रिकॉर्ड रचा

**गुजरात (हमारा वतन)।** गुजरात में भाजपा लगातार 7वीं बार सरकार बना रही है। इस जीत के बाद जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता जनार्दन के सामने नतमस्तक हूं, ये जनादेश अभिभूत करने वाला है। जहां भारतीय जनता पार्टी प्रत्यक्ष नहीं जीती, वहां भाजपा का वोट शेयर आपके स्नेह का साक्षी है। उन्होंने कहा कि मैं गुजरात, हिमाचल और दिल्ली की जनता का आभार जताता हूं। आपका प्यार उपचुनावों में भी दिखा। यूपी के रामपुर में भाजपा जीती है। बिहार के चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन आने वाले दिनों का प्रदर्शन कर रहा है। मोदी ने कहा कि चुनावों के दौरान मैंने गुजरात की जनता से कहा था, इस बार नरेंद्र का रिकॉर्ड टूटना चाहिए। मैंने वादा किया था कि भूपेंद्र नरेंद्र का रिकॉर्ड तोड़ें, इसके लिए मैं जी जान से कोशिश करूंगा। जनता ने गुजरात के इतिहास का सबसे प्रचंड जनादेश भाजपा को देकर नया इतिहास रच दिया है। ढाई दशक से लगातार सरकार में रहने के बावजूद ऐसा प्यार अभूतपूर्व है। लोगों ने जाति-वर्ग आदि विभाजन से ऊपर उठकर भाजपा को वोट दिया।



पीएम ने कहा कि इस चुनाव में वोट देने वाले एक करोड़ से भी ज्यादा ऐसे वोटर्स थे, जिन्होंने कांग्रेस का कुशासन नहीं देखा, सिर्फ भाजपा की ही सरकार देखी। युवा सवाल पूछना जानते हैं। युवा तभी वोट देते हैं, जब उन्हें भरोसा दिखता है, जब उन्हें काम दिखता है। युवाओं ने भाजपा को वोट देकर संदेश दिया है कि उन्होंने हमारे काम को जांचा-परखा और उस पर भरोसा किया।

मोदी बोले- युवा भाजपा की विकास वाली योजनाएं चाहते हैं। युवाओं को न जातिवाद चाहिए न परिवारवाद। युवाओं का दिल विजन और विकास से ही जीता जा सकता है। जब महामारी के घोर संकट के बीच बिहार में चुनाव हुए थे, तब जनता ने भाजपा को आशीर्वाद दिया। महामारी के बाद यूपी समेत तमाम राज्यों में चुनाव हुए तब भी जनता ने भाजपा को चुना। आज जब भारत विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है, तब जनता का भरोसा भाजपा पर है।

समाज के बीच खाई खोदने वालों को जनता देख भी रही है और समझ भी रही है। हमारा भविष्य फॉल्ट लाइन को गिराकर ही उज्ज्वल होगा। लड़ने के लिए सैकड़ों वजहें हो सकती हैं, लेकिन जुड़ने के लिए एक वजह काफी है, वो है हमारा भारत। जीने के लिए और मरने के लिए इससे बड़ी वजह और कोई नहीं हो सकती है। इसलिए हमें इंडिया फर्स्ट की भावना के साथ आगे बढ़ना है।

# प्रदर्शनी में खादी उत्पादों पर मिल रही 50 प्रतिशत की छूट:खरीददारी करने उमड़ी जनता

**जयपुर (हमारा वतन)।** चकाचौंध भरी दुनिया में भले ही लोगों के खाने-पीने से लेकर पहनावे तक में बदलाव आ गया हो, लेकिन आज भी लोग खादी के प्रति अपनी दीवानगी बनाए हुए हैं।

जी हां, ऐसा ही कुछ नजारा देखने को मिला बजाज नगर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, जयपुर द्वारा लगाई खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2022-23 में । 50 प्रतिशत की छूट की सूचना मिलने पर प्रदर्शनी में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी है । राजस्थान खादी ग्राम उद्योग संस्थान संघ के मंत्री अनिल शर्मा ने बताया कि 25 नवंबर से प्रारंभ हुई यह प्रदर्शनी 13 जनवरी 2023 तक संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले 12 वर्षों से निरंतर लगाई जा रही है।




इस प्रदर्शनी में कुल 175 स्टाल लगाई जा रही हैं, जिनमें से 130 स्टॉल खादी व 45 स्टॉल ग्रामोद्योग संघ की हैं। प्रदर्शनी में सूती कपड़ा, खादी पोस्टर, रेशमी, ऊनी, पॉली वस्त्रों को प्रदर्शित किया है।

इसमें खादी की हैंडमेड कुर्तियां, कुर्ता पायजामा, हैंडमेड पैंट-शर्ट, जैकेट, खादी की बैडशीट्स, कालीन, गलीचे, दरियां, जूट के उत्पाद, चमड़े- खादी की जूतियां समेत आचार, चूर्ण, दवाईयाँ, ड्राई फ्रुट सहित अन्य उत्पाद मौजूद हैं।




लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

नि:संतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

## नोबेल शांति पुरस्कार चैलेंज-2022 प्रतियोगिता में जयपुर की अशीरा विश्वास का चयन

जयपुर (नि.सं.)। नोबेल शांति पुरस्कार चैलेंज-2022 प्रतियोगिता में जयपुर की सुश्री अशीरा विश्वास का चयन किया गया है। सुश्री विश्वास अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसडीआरएफ सुष्मित विश्वास की सुपुत्री है। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित नोबेल शांति पुरस्कार का शनिवार को नार्वे की राजधानी ओस्लो में ऐलान किया जाएगा। नोबेल शांति पुरस्कार चैलेंज-2022 प्रतियोगिता में विजेता घोषित होने पर सुश्री विश्वास को भी इस समारोह में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

# भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए ललित तूनवाल



जयपुर (हमारा वतन)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा पिछले कई दिनों से चल रही है। कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा पैदल चल रही है ।

इस यात्रा में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव ( मुख्यालय प्रभारी) ललित तूनवाल भी यात्रा में शामिल हुए हैं । ललित तूनवाल ने बताया कि आज देश में नफरत का माहौल बना हुआ है । सांप्रदायिक ताकतें दिनों दिन बढ़ती जा रही है, तमाम देश की ज्वलंत समस्याओं को लेकर राहुल गांधी जी देश को जोड़ने की बात कर रहे हैं ।

आज देश में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है ,लेकिन बीजेपी के लोग हमेशा लड़ाने की बात करते हैं ।

# ये हम नहीं कहते हमारा परिणाम कहता है:चैयरमेन कैलाश चौधरी



चौमूं (हमारा वतन)। शहर के राधास्वामी बाग स्थित प्रिंस एजुकेशन ग्रुप चौमूं द्वारा आर्मी अग्निवीर, राजस्थान पुलिस, एयरफोर्स और एथेलेटिक्स में छात्र छात्राओं के चयनित होने पर भव्य विशाल रैली और विजय जुलूस निकाला गया। विजय जुलूस मोरिजा पुलिया से रवाना हुआ। संस्था निदेशक कैलाश चौधरी ने बताया कि विजय जुलुस को छुट्टन यादव, डॉ. श्रवण बराला, डॉ.जेपी सैनी, डॉ. हनुमान बराला, प्रभु चौधरी, महेन्द्र चौधरी ने रैली और विजय जुलुस को हरी झण्डी दिखाकर के मोरिजा पुलिया से रवाना किया गया। रैली के दौरान मोरिजा पुलिया, मोरिजा तिराहा, बस स्टैंड, थाना मोड़, रावण गेट आदि जगहों पर चयनित छात्र - छात्राओं का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। संस्था निदेशक कैलाश चौधरी का भी माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। थाना मोड़ पर भाजपा युवा नेता श्याम शर्मा, ओमप्रकाश बुरी ,भगवान सहाय यादव, ओम कंप्यूटर के निदेशक ओम प्रकाश सैनी, राधास्वामी फैशन के अभी गोदारा, देवी लाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल के निदेशक विमल कुमावत ने संस्था निदेशक और चयनित छात्र - छात्राओं को माला पहनाकर,मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। रैली का समापन रेलवे स्टेशन रोड स्थित रॉयल पैलेस गार्डन में राष्ट्रगान के साथ किया । विजयी जुलुस के दौरान डीजे की धुन पर लोग नाचते गाते पहुंचे । युवा शक्ति भारत माता की जय के नारे लगाते हुए चल रही थी। इस दौरान प्रिंस डिफेंस के एचओडी मेजर प्यारेलाल कुलहरि ने सभी छात्र - छात्राओं और अभिभावकों को माला और साफा पहनाकार स्वागत किया। जुलूस में प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य ओ पी पारीक, प्रिंस फॉउंडेशन के अकेडमिक हेड राजवीर चौधरी, प्रिंस बी एड कॉलेज की प्राचार्या सुषमा यादव, डिफेंस के कमांडो वीरेंद्र सिंह, कमांडो सतेंद्र सिंह, सीताराम शास्त्री, हनुमान सहाय , गुलाबचंद लाम्बा ,ऋषि लाम्बा, राकेश यादव, सोनू बंसल, रमेशचंद यादव, ओम प्रकाश चौधरी,बंशी सैनी सहित प्रिंस एजुकेशन ग्रुप का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। आर्मी अग्निवीर में ओमप्रकाश सैनी, आतिश व्यास, मनीष पिंगोलाव और राहुल गुर्जर, राज. पुलिस में सुनीता यादव, महिमा चौधरी, अनिता रेवाड़, एयरफोर्स में सुरेश कुमावत , आरडी परेड में सिद्धिका सैनी,एथेलेटिक्स में अश्विन जांगिड़, सुनील दादरवाल, दीपिका यादव का हुआ सलेक्शन ।

## (कविता) सर्दी

ठंडी ठंडी हवा चली और
सूरज बाबा ओट में
चुन्नू मुन्नू कंबल ओढ़े
बाबा घुस गये कोट में

छोटे-छोटे दिन होते
और लंबी रातें होती हैं
सर्दी की आहट होते ही
ओढ़ के कमली सोती है

गरम ही खाना गरम ही पीना
गरम बिछौना भाता है
सर्दी के मौसम में कल्लू
गरम पकोड़े खाता है

गुड़ धाणी और तिल के लड्डू
सब खाएंगे थोक में
ठंडी ठंडी हवा चली और
सूरज बाबा ओट में



विनोद शर्मा वेणु
बिहार



## पंडित रविंद्र आचार्य ने मनाया विद्याधर नगर थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील का जन्मदिवस

जयपुर (हमारा वतन)। तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य के द्वारा राजधानी जयपुर के विद्याधर नगर थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील का जन्मदिवस मनाया ।

भारतीय संस्कृति के अनुसार तिलक कर, वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ सम्मान किया । सम्मान स्वरूप बाबा श्याम का दुपट्टा व माला पहनाया । थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने आचार्य को माला पहनाकर सम्मान किया और आशीर्वाद लिया । थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि गत वर्ष अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने थाने का वास्तु परीक्षण कर कुछ उपाय बताए थे उन उपायों से सबसे प्रथम श्रेणी का आदर्श थाना बना, थाने से तीन सिपाहियों को गैलेंट्री प्रमोशन,राजस्थान का सबसे अच्छा स्वागत कक्ष और मैंने भी कई उपलब्धियां हासिल की हैं । इस दौरान तेजपाल, पंडित राकेश शास्त्री ,राहुल दाधीच, केशव मिश्रा, हितेश मिश्रा, सारस्वत मिश्रा,मुकेश शर्मा, रोहित अग्रवाल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## तिरुपति बालाजी वूलन हाउस पर लगी ग्राहकों की भीड़



चौमूं (हमारा वतन)। सर्दी के तेवर तीखे होते ही चौमूं शहर के जयपुर रोड, गुरुकृपा ढाबा और रेस्टोरेंट के सामने स्थित तिरुपति बालाजी वूलन हाउस पर गर्म कपड़े खरीदने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी है । संचालक जितेंद्र सैनी, मुकेश सैनी और योगेंद्र सिंह ने बताया कि हमारे यहां पर सभी प्रकार के सर्दियों के कपड़े जैसे हुड्डी, जैकेट, कोट, स्वेटर, मफलर और बच्चों के सभी गर्म कपड़े बाजार से भी कम रेट पर उपलब्ध है । इस दौरान प्रेम सिंह, विनोद सिंह ,ओम प्रकाश चौधरी, अरविंद कुमावत, मनोज सैनी, विजय सैनी और अनिल जांगिड़ सहित कई लोग मौजूद रहे ।

## डॉ. शिखा मील बराला ने किया तिरंगा यात्रा के पोस्टर का विमोचन



जयपुर (हमारा वतन)। ग्राम पंचायत अमरपुरा के शहीद श्याम सुंदर दादरवाल की तृतीय पुण्यतिथि पर 13 दिसम्बर को आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के तत्वाधान में शहीद के सम्मान में निकाली जाने वाली 101 मीटर की तिरंगा यात्रा के पोस्टर का विमोचन डॉ. शिखा मील बराला व डॉ. अमित बराला ने किया। इस दौरान समिति संरक्षक कालूराम झाझड़िया, समिति अध्यक्ष अर्जुन लाल डूडी, सचिव देवी सहाय डूडी ने बताया कि अमरपुरा के शहीद श्यामसुंदर जाट की तृतीय पुण्यतिथि पर विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा और क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि और ग्राम जन यात्रा में भाग लेंगे ।

## जॉब्स

1. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी ग्राउंड ड्यूटी टेक्निकल और नॉन टेक्निकल व अन्य, पद संख्या 240, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2022
2. आई डब्ल्यू ए ,पद एलडीसी स्टेनोग्राफर व अन्य, पद संख्या 14, अंतिम तिथि 17 दिसंबर 2022
3. आइटीबीपी, पद कॉन्स्टेबल ट्रेड्समैन, पद संख्या 287, अंतिम तिथि 22 दिसंबर 2022
4. सीआईएसएफ, पद कांस्टेबल ट्रेड्समैन, पद संख्या 710, अंतिम तिथि 20 दिसंबर 2022
5. राजस्थान स्वास्थ्य विभाग, पद नर्सिंग ऑफिसर और फार्मासिस्ट, पद संख्या 3303, अंतिम तिथि 23 दिसंबर 2022
6. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन एसएससी, पद सीएचएसएल 10+2, पद संख्या 4500, अंतिम तिथि 4 जनवरी 2023
7. केंद्रीय विद्यालय संगठन, पद टीजीटी, पीजीटी व अन्य, पद संख्या 13404, अंतिम तिथि 26 दिसंबर 2022
8. भारतीय नौसेना, पद एमआर, एसएसआर, पद संख्या 1500, अंतिम तिथि 17 दिसंबर 2022

## जी-20 शेरपा सम्मेलन के सफल आयोजन में उदयपुर प्रशासन का जताया आभार

उदयपुर (नि.सं.)। जी-20 प्रथम शेरपा सम्मेलन के आयोजन से उदयपुर अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक ऊंचाई पर पहुँच गया है। देश के सबसे बड़े आयोजनों में से एक जी-20 की मेजबानी करने के बाद उदयपुर प्रशासन का न सिर्फ आत्मविश्वास बढ़ा है बल्कि अब आगे भी यह शहर अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए तैयार है।

## (कविता) साइंस से समाजवाद

वर्षों पहले
मनोरंजन मतलब
राजा महराजा
जो वह देखते

प्रजा कहाँ देख पाती
साइंस की तरक्की ने
सब को सुलभ कर दिया
फिर सिनेमा हो

टीवी हो
टिकटॉक या रील
सब को एक प्लेटफार्म
पर लाया है

वीआईपी से वीआईपी मिलता था
साइंस ने सुलभ कर दिया
मंत्री से प्रधानमंत्री तक
सामान्य को भी ट्वीटर

पर टैग करने लगे
युट्यूबर भी चैनल से
भी आगे निकलने लगे
जो पेय पीते थे विशेष
साइंस ने सुलभ कर दिया
कोक थम्सअप ताज से लेकर
गली कुछे तक बिकने लगे

कभी देवी देवता करते थे
विमान से यात्रा
अब तो सामान्य इंसान भी
जहाज से उड़ने लगे
कभी फिल्मों के स्टार
लोगों की पहुँच से थे दूर
अब तो वे भी फेसबुक से लेकर

सोशल मिडिया के तमाम
प्लेटफार्म पर मिलने लगे
साइंस ने सब सुलभ कर दिया
साइंस ने आविष्कार किए
बाजार ने सबके पास पहुंचा दिया
समाजवाद लाने मे
साइंस की बड़ी भूमिका है

यद्यपि की बाजारवाद के
जरिये ही सही
समाजवाद आया है
इंसान की तरक्की मे साइंस का
बड़ा योगदान है

इसलिए पढो और बढ़ो
साइंस जाति व्यवस्था और
वर्ण व्यवस्था में
भी परिवर्तन लाया है
बाजार को भी अपने ढंग से
नचाया है
इंसानों की सोच मे भी

परिवर्तन लाया है
जो काम नेता समाजसेवी
वर्षों में न कर पाते
उसे साइंस ने बड़ी
सहजता से कर
दिखाया है

हर हाथ मे मोबाइल पहुंचाया है
मोबाइल की ब्रांड
अलग अलग सही
एक ही नेटवर्क से
देश के सबसे धनवान
देश के सबसे बड़े पद
पर असीन व्यक्ति को
बात कराया है
साइंस ने बड़ी

आसानी समाजवाद लाया है
जो काम वर्षों वर्षों में न हो सका
वह काम साइंस ने बड़ी
आसानी से कर
दिखलाया है...!!



-डॉ रमाकांत क्षितिज




## बिग बॉस में सौंदर्या शर्मा हुईं ऊप्स मोमेंट का शिकार, नहाते वक्त बाथरूम में घुस गए शालीन भनोट

बिग बॉस में के हर सीजन में बाथरूम से जुड़ा कुछ न कुछ बवाल हो ही जाता है। इस बार फिर से सीन क्रिएट हो गया। दरअसल सौंदर्या बाथरूम में नहा रही थीं। वह लॉक करना भूल गईं तभी शालीन भनोट अंदर घुस गए। सौंदर्या ने बताया कि वह अंदर हैं तब जल्दी से शालीन बाहर आए। शालीन ने उनसे माफी मांगी। वहीं शिव ने इस घटना पर सौंदर्या की टांग खींची। बता दें कि बिग बॉस 15 में प्रतीक सहजपाल वॉशरूम का लॉक तोड़ने पर ट्रोल हुए थे। अंदर विधि पांड्या नहा रही थीं। वहीं बिग बॉस 13 में कोएना मित्रा ने गलती से बाथरूम का दरवाजा खोल लिया था। इसके बाद घरवालों ने उनकी जमकर खिंचाई की थी।



**शालीन ने मांगी माफी**-बिग बॉस 16 सौंदर्या शर्मा पर हर लड़के का ध्यान रहता है। रीसेंट एपिसोड में वह ऊप्स मोमेंट का शिकार हो गईं। सौंदर्या बाथरूम में नहा रही थीं। वह लॉक बंद करना भूल गईं। तभी शालीन भनोट भी नहाने के लिए अंदर पहुंच गए। सौंदर्या ने अंदर से आवाज की तो शालीन निकल गए। सौंदर्या को नहीं पता था कि अंदर कौन आया। उन्होंने पूछा कि कौन था। जब पता चला कि शालीन थे तो सौंदर्या ने उनसे पूछा कि कुछ देखा तो नहीं? शालीन बोले नहीं और माफी भी मांगी। शालीन ने सफाई भी दी कि उन्होंने ऐसा जानबूझकर नहीं किया।

**सिद्धार्थ के साथ भी हुई थी गड़बड़**-इस इंसिडेंट के बाद शिव ठाकरे ने सौंदर्या को चिढ़ाया और पूछा कि कुंडी वाला मामला क्या था। हालांकि सौंदर्या ने इस मामले को अच्छी तरह हैंडल किया और कोई बवाल नहीं मचाया। बिग बॉस में पहले भी कई दफा ऐसी घटनाएं होती रही हैं। प्रतीक सहजपाल ने बाथरूम का लॉक तोड़ दिया था।

## डीप नेक ब्रालेट में पलक तिवारी का फोटोशूट, वीडियो देख फैन्स बोले मॉम से भी ज्यादा हॉट

श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी म्यूजिक वीडियो बिजली बिजली से पहले ही धमाल मचा चुकी हैं। पलक जल्द ही बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। उन्होंने कुछ दिनों पहले फिल्म की शूटिंग की जानकारी दी थी। बड़े पर्दे पर जब वह नजर आएंगी तब आएंगी लेकिन उससे पहले वह सोशल मीडिया स्टार तो ही चुकी हैं। पलक की फोटोशूट की तस्वीरें और वीडियोज वायरल होते रहते हैं। अब उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उनका ग्लैमरस लुक नजर आ रहा है।




**पलक का ग्लैमरस अवतार**-लेटेस्ट फोटोशूट में पलक ने ब्लैक प्रिटेंड एथनिक ड्रेस पहना है। डीप नेक ब्रालेट के साथ लहंगा कैरी किया। इसके साथ उन्होंने दुपट्टा ले रखा है। पलक सेंसुअस अंदाज में पोज दे रही हैं। वह अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। पलक फिटेस्ट स्टारकिड्स में से हैं और फिटनेस गोल सेट करती दिखती हैं। खुद को मेन्टेन रखने के लिए वह जिम में जमकर पसीना बहाती हैं।

**फैन्स ने क्या कहा**-पलक के इस वीडियो पर फैन्स के खूब कमेंट्स आ रहे हैं। एक यूजर कहते हैं, मॉम से भी ज्यादा हॉट। एक यूजर लिखते हैं, एक बार को तो मुझे लगा दिशा पाटनी है। एक अन्य ने लिखा, हॉटेस्ट डीवा। एक ने कहा, बॉलीवुड में जब आओगी आग लगा दोगी।

**सलमान खान की फिल्म से डेब्यू**-22 साल की पलक तिवारी सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से डेब्यू करेंगी। इसके अलावा उनके पास एक और फिल्म है। वह संजय दत्त और सनी सिंह के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। फिल्म का नाम द वर्जिन ट्री है।

## फर्स्ट बेबी के बाद रणबीर कपूर बोले- अब उम्र बढ़ रही है! नहीं करेंगे रोमांटिक कॉमेडी फिल्में



लव रंजन के निर्देशन में बन रही रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की अपकमिंग फिल्म काफी वक्त से सुर्खियों में बनी हुई है। इस अनटाइटल्ड फिल्म की BTS तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए थे। फिल्म अगले साल 8 मार्च को रिलीज होने जा रही है और अब रणबीर कपूर ने बताया है कि यह शायद इस जॉनर में उनकी आखिरी फिल्म होगी। रणबीर कपूर ने कहा है कि अब से वह रॉम-कॉम (रोमांटिक कॉमेडी) फिल्में नहीं करेंगे।

**रणबीर नहीं करेंगे रॉम-कॉम फिल्मों में काम**-रणबीर कपूर हाल ही में रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बने थे जहां उन्होंने अपनी फ्यूचर प्लानिंग को लेकर बात की। इसी साल आलिया भट्ट के साथ शादी के बंधन में बंध चुके रणबीर कपूर हाल ही में एक बेटी के पिता भी बन गए हैं। रणबीर कपूर ने अब आगे रॉम-कॉम फिल्में नहीं करने की वजह उनकी उम्र का बढ़ना बताया है।...**क्योंकि अब मेरी उम्र बढ़ रही है**-रणबीर कपूर ने लव रंजन की फिल्म में अपने किरदार को लेकर बातचीत के दौरान कहा, यह शायद मेरी आखिरी रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों में से एक है जो मैं कर रहा हूं। क्योंकि अब मेरी उम्र बढ़ रही है। रणबीर कपूर के इस बयान पर लोगों ने उन्हें जमकर चीयर किया और कहा कि यह सच नहीं है, असल में वह वक्त के साथ और जवान होते जा रहे हैं।

**रणबीर के करियर का बड़ा हिस्सा हैं रॉम-कॉम**-बता दें कि रणबीर कपूर की उम्र तकरीबन 40 साल हो चुकी है और वह अभी तक बेहिसाब रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों में काम कर चुके हैं। रणबीर कपूर के करियर में इस तरह की ढेरों फिल्में शुमार रही हैं। इस कैटेगरी में उनकी पिछली फिल्म जग्गा जासूस थी जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को भी दर्शकों का बेहिसाब प्यार मिला था।

# सर्दियों में सबसे ज्यादा प्रभावित होती है टीन एज स्किन

इन दिनों वातावरण में प्रदूषण बहुत अधिक बढ़ गया है। साथ ही मौसम बदल चुका है। प्रदूषण और सर्दी का मौसम दोनों मिलकर स्किन को बहुत अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। खासकर टीनएज को। प्रदूषण के कारण उनके स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं, जिसके कारण मुहांसे की समस्या हो जाती है। वहीं दूसरी ओर, ठंड का मौसम स्किन को रूखा बना देता है। ऐसी स्थिति में टीन्स को अपनी त्वचा का विशेष ख्याल रखना पड़ता है। टीन्स अपनी स्किन की विशेष देखभाल किस तरह करें, इसके बारे में विस्तार से बता रही हैं, डर्मालोजिका इंडिया की एजुकेशन हेड और स्किन-ब्यूटी एक्सपर्ट हिना खान।टीन एजर को स्किन की विशेष देखभाल करनी पडती है। इसके लिए स्किन को एक्सफोलिएट करना पड़ता है और स्किन टोन भी करना पड़ता है।



**1 नॉन कॉमेडोजेनिक स्किन केयर प्रोडक्ट का चयन करें**-हमेशा नॉन कॉमेडोजेनिक स्किन केयर प्रोडक्ट का चयन करें। इनमें नॉन-कॉमेडोजेनिक आयल और दूसरे पोषक तत्व होते हैं। इसमें उपलब्ध सामग्री ड्राई स्किन को यह नमीयुक्त और ऑयली स्किन को मुंहासों से मुक्त रखती है।

स्किन के पीएच को संतुलित करने के लिए अल्ट्राकैल्मिंग क्लींजर फेसवॉश और क्लींजर का उपयोग टीन को करना चाहिए। यदि आपकी स्किन संवेदनशील है, तो पीएच-बैलेंस, नॉन-फोमिंग क्लींजर का प्रयोग करें। यह स्किन बैरियर को मजबूत करता है।

**2 रोजाना सीईटीएमएस रूटीन का पालन करें**-यह जरूरी है कि आप रोजाना क्लीन, एक्सफोलिएट, टोन, मॉइश्चराइज और एसपीएफ रुटीन का पालन करें। इसकी शुरुआत ब्रेकआउट क्लीयरिंग फोमिंग फेस से की जा सकती है। इससे धोने पर स्किन गहराई से साफ हो पाती है। सफाई सबसे ज्यादा जरूरी है। संपूर्ण स्किन केयर रूटीन को फ़ॉलो करें।

एक्सफोलिएशन की प्रक्रिया बंद रोमछिद्रों को खोलने में मदद करती है। त्वचा के प्रकार के आधार पर यह सप्ताह में दो या तीन बार किया जा सकता है।

**3 त्वचा में निखार लाने के लिए मॉइस्चराइजिंग है जरूरी**-मॉइस्चराइजिंग से त्वचा में निखार आता है। इससे इन्फ्लेमेशन से राहत मिलती है। यह स्किन बैरियर को मजबूत करता है। इसका प्रयोग रोज करना चाहिए।

माइक्रोफोलिएंट फेस स्क्रब और डीप मॉइस्चराइजिंग असमान स्किन को संतुलित करने में मदद करता है।टोनिंग करने से ड्राई त्वचा के लिए लिपिड संतुलन पुनर्स्थापित करता है। एसपीएफ 30 मॉइस्चराइजर का उपयोग करें। यह यूवी किरणों, फ्री रैडिकल डैमेज और प्रदूषण से बचाव करता है।

**4 ब्लैकहेड्स और स्किन कंजेशन से बचाव है जरूरी**-ब्लैकहेड्स और कंजेशन को रोकने के लिए स्किन को अच्छी तरह से साफ करें।

डबल क्लींजिंग इसमें मदद करता है। इससे पोलूशन पार्टिकल और इम्पुरिटी दूर रहती है। इससे स्किन सुरक्षित रहती है।



## रोज पीती हैं ग्रीन टी, तो हो जाएं सतर्क! यह लिवर को पहुंचा सकती है नुकसान

वजन घटाने के लिए हम खान-पान में कई तरह की चीज़ें शामिल करने के साथ-साथ रोज ग्रीन टी भी पीने लगते हैं। हालिया स्टडी बताती है कि लंबे समय तक इस्तेमाल करने से ग्रीन टी लीवर को डैमेज भी कर सकती है।हममें से ज्यादातर लोग सुबह गर्म चाय लेना पसंद करते हैं। कुछ लोग दूध वाली चाय, तो कुछ ब्लैक टी या नींबू की चाय या फिर ग्रीन टी लेना पसंद करते हैं। ग्रीन टी कई प्रकार और रंगों में आती है। वजन कम करने में भी ग्रीन टी मददगार माना जाता है। स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाने के कारण यह वर्षों से लोगों द्वारा खूब इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन हालिया अध्ययन इस बात का संकेत देता है कि ग्रीन टी लीवर को क्षति भी पहुंचा सकता है।

**स्वास्थ्यवर्धक पेय के रूप में सबसे अधिक ग्रीन टी पिया जाता है** -काली चाय, ओलोंग चाय, सफेद चाय है, लेकिन ग्रीन टी नॉन फरमेंटेड पेय है।रिसर्चगेट के अनुसार, ग्रीन टी पारंपरिक चीनी चिकित्सा का हिस्सा रही है। हाल के अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि यह कुछ प्रकार के कैंसर और हृदय रोग के जोखिम को कम करने में योगदान दे सकती है। यह ओरल हेल्थ और अन्य शारीरिक कार्यों जैसे शरीर के वजन नियंत्रण, बेहतर बोन मिनरल डेंसिटी को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए भी जाना जाता है।

धर्म दर्शन

# मन से मुक्ति का संदेश देती है गीता

भगवद्गीता में भगवान कृष्ण ने सात महत्वपूर्ण संदेश दिए हैं, जो हम सभी को स्मरण रखने चाहिए। अस्तित्व का सम्मान ब्रह्मांड आठ तत्वों से बना है– पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और चेतना। मानवीय अस्तित्व को जिन पांच परतों ने ढका हुआ है, वे हैं– पर्यावरण, भौतिक शरीर, प्राण या ऊर्जा, मन और चेतना। अत संपूर्ण ब्रह्मांड एक व्यक्तिगत इकाई है और हम ब्रह्मांड के अभिन्न अंग हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'तुम ज्ञान चक्षु के बिना मुझे नहीं देख सकते, अत अब मैं तुम्हें ज्ञान की एक दिव्य दृष्टि दूंगा, जो मैंने युगों से किसी को प्रदान नहीं की।' इसके साथ वह उसे एक दृष्टि, एक प्रकाश प्रदान करते हैं। उस एक क्षण में अर्जुन को संपूर्ण ब्रह्मांड कृष्ण के रूप में प्रतीत होता है।



शांति में स्थित होकर युद्ध कृष्ण अर्जुन से मन को शांत रखकर युद्ध लड़ने के लिए कहते हैं। वे कहते हैं, 'पहले मन में प्रवेश करो और अपने आपको शुद्ध करो। द्वेष भाव से मत लड़ो। समता भाव बनाए रखकर न्याय के लिए युद्ध करो। शांति आपका मूल स्वभाव है। जब आप अपने केंद्र में होते हैं, आप शांत होते हैं। जैसे ही मन की हलचल समाप्त होती है, आप शांति को महसूस कर सकते हैं। इस अवस्था को अनुभव करने के बाद जीवन में किसी भी स्थिति का सामना करने की क्षमता प्राप्त हो जाती है। मन पर विजय गीता कहती है, 'आपका मन ही आपके बंधन और आपकी मुक्ति के लिए उत्तरदायी है।' मन निरंतर बदलता रहता है। यदि आपका मन साधना, आध्यात्मिक अभ्यास के द्वारा अच्छी तरह से प्रशिक्षित किया गया हैतो यह आपका मित्र है और आपकी मदद करता है, अन्यथा आपका अपना मन ही शत्रु-जैसा व्यवहार करता है। कर्म योग कृष्ण अर्जुन को कर्म के फल की कामना किए बिना कर्म करने के लिए कहते हैं। बाद में वे अर्जुन को प्रकृति के नियम के अनुसार कुशलतापूर्वक कार्य करने के लिए कहते हैं। फिर वह उसे बताते हैं कि यदि वह युद्ध जीतना चाहता है, तो उसे कैसे लड़ना चाहिए। निष्काम कर्म से मुक्ति प्राप्त होती है।

## नए साल में राहु का गोचर इन राशियों की बढ़ाएंगे मुश्किलें, रहें थोड़ा सतर्क

ज्योतिष गणना के अनुसार, इस समय राहु मेष राशि में गोचर कर रहे हैं। वहीं साल 2023 में अक्टूबर माह में वक्री चाल से मीन राशि में प्रवेश करेंगे। ऐसे में साल 2023 में राहु का संचार मेष और मीन राशि में होगा। ऐसे में इन राशियों के अलावा कुछ राशियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कई राशियों को मानसिक तनाव हो सकता है। जानिए राहु का ये गोचर किन राशियों के लिए अशुभ साबित होगा।

**मेष राशि** राहु इस समय इसी राशि में गोचर कर रहे हैं। ऐसे में इस राशि के जातकों को राहु के दुष्प्रभावों का सामना करना पड़ सकता है। कहीं निवेश करने की मन बना रहे है तो थोड़ा सोच समझ कर ही करें। बेवजह खर्च बढ़ सकता है इसलिए जहां जरूरत न हो वहां पर पैसे न लगाएं। आर्थिक, शारीरिक और मानसिक के साथ-साथ परिवारिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**वृषभ राशि** इस राशि में राहु का गोचर 12वें भाव में है। ऐसे में इस राशि के जातकों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाएगा। कई बार बनता बनता काम भी बिगड़ सकता है। ऐसे में आपका दिमाग थोड़ा अशांत हो सकता है। छोटे-छोटे से काम के लिए अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

## किचन में रखे ये 5 मसाले खोलते हैं धन और सुख-समृद्धि का रास्ता

ज्योतिष शास्त्र में कई ऐसे उपाय बताए गए हैं जिन्हें करने से व्यक्ति को बहुत लाभ मिलता है। इनमें से कई उपाय हमारे रसोई घर में मौजूद हैं। बता दें कि ज्योतिष शास्त्र में कुछ ऐसे मसाले बताए गए हैं, जिनसे जुड़े कुछ विशेष उपायों को करने से व्यक्ति को दैनिक जीवन में आ रही समस्याएं दूर हो जाती हैं। इन मसालों से न केवल बुरी नजरों से बचने में सहायता मिलती है, बल्कि धन और सुख समृद्धि की प्राप्ति भी होती है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे मसालों के विषय में जिनके कारण अपने-आप चुम्बक की तरह पास आ जाता है।

**हल्दी** सनातन धर्म में हल्दी को बहुत पवित्र माना जाता है। इसे न केवल शुभ कार्यों में प्रयोग किया जाता है, बल्कि इसे सुख-समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है। यह खाने के स्वाद को बढ़ाने के साथ-साथ जीवन में आ रही कई प्रकार की समस्याओं को दूर भी करता है। इससे जुड़े कई उपाय ज्योतिष शास्त्र में बताए गए हैं। बता दें कि हल्दी गुरु ग्रह से सम्बन्धित है।

**नमक** जिस तरह खाने में नमक का महत्व बहुत अधिक होता है, ठीक उसी तरह ज्योतिष शास्त्र में भी इससे जुड़े कुछ ऐसे उपाय बताए गए हैं। जिन्हें व्यक्ति के दैनिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। नमक से नकारात्मक शक्तियां दूर रहती हैं और बुरी नजर से बचने के लिए भी नमक का उपयोग किया जाता है।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# हिंदी विरोध की राजनीति कैसे हो खत्म

कुछ समय से पूरे देश में केंद्र सरकार द्वारा हिंदी थोपे जाने का आरोप लग रहा है। सबसे प्रखर विरोध तमिलनाडु में हो रहा है। एक डीएमके कार्यकर्ता ने तो आत्मदाह कर लिया है। इससे पहले तमिलनाडु विधानसभा ने प्रस्ताव पारित कर हिंदी थोपे जाने का विरोध किया। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि अमित शाह के नेतृत्व वाली राजभाषा संसदीय समिति ने जो रिपोर्ट सौंपी है वह, दरअसल हिंदी थोपने का प्रयास है। ये घटनाएं साल 1964 की याद दिलाती हैं, जब हिंदी विरोध की आग ने पूरे तमिलनाडु को गिरफ्त में ले लिया था।



राम गोपाल सैनी

**क्या कहता है संविधान**-इस संबंध में आगे बढ़ने से पहले कुछ तथ्यों पर एक नजर डाल लेना ठीक रहेगा। जब 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ तो उसके अनुच्छेद 343 में प्रावधान था कि देवनागरी लिपि में हिंदी केंद्र सरकार की राजभाषा होगी।किंतु अगले ही उपबंध में यह भी जोड़ा गया था कि पंद्रह वर्षों तक अंग्रेजी का इस्तेमाल पहले की तरह होता रहेगा। यह अवधि 26 जनवरी 1965 को समाप्त होने वाली थी।संविधान निर्माताओं को यह भान था कि इतने समय में पूरा देश इस परिवर्तन के लिए तैयार न हो, इसलिए इसमें प्रावधान किया गया कि यदि संसद चाहे तो पंद्रह सालों के बाद भी अंग्रेजी का प्रयोग जारी रखा जा सकता है।1963 में ही संसद ने राजभाषा अधिनियम बनाया, जिसमें प्रावधान किया गया कि केंद्र सरकार एवं संसद के कामकाज में हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी का प्रयोग 26 जनवरी 1965 के बाद किया जा सकेगा। ध्यान देने की बात है कि अंग्रेजी का इस्तेमाल जारी रह सकता था, लेकिन 26 जनवरी 1965 से हिंदी को राजभाषा होना था।24 जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रेस को विस्तार से बताया कि हिंदी का प्रयोग प्रशासनिक कार्यों में बढ़ाया जाएगा।जैसे ही यह खबर छपी, विपक्षी डीएमके ने आंदोलन शुरू कर दिया और झूठा प्रचार किया कि अंग्रेजी की जगह हिंदी को लाया जा रहा है। हिंदी विरोध ऐसा फैला कि पुलिस को गोलियां चलानी पड़ीं और बड़ी संख्या में आत्मदाह होने लगे।11 फरवरी को केंद्रीय मंत्री सी सुब्रमण्यम ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। तमिलनाडु के ही एक अन्य केंद्रीय राज्य मंत्री ओ वी अलगेसन ने भी त्यागपत्र दे दिया।राष्ट्र के नाम संबोधन में तत्कालीन प्रधानमंत्री ने फिर आश्वासन दिया कि हिंदी किसी पर थोपी नहीं जाएगी। स्थिति में थोड़ा सुधार होने पर दोनों मंत्रियों ने इस्तीफे वापस ले लिए। फिर राष्ट्रपति ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए सरकार की भाषा नीति को स्पष्ट किया कि जब तक अहिंदी भाषी लोग चाहेंगे अंग्रेजी, एसोसिएट भाषा के रूप में इस्तेमाल होती रहेगी। 1966 में राजभाषा अधिनियम में संशोधन कर नेहरू के इस आश्वासन को कानूनी आधार दिया गया कि हिंदी थोपी नहीं जाएगी। इसके बावजूद राजनीतिक कारणों से हिंदी का विवाद बार-बार खड़ा किया जाता है। आश्चर्य है कि हिंदी का विरोध करने वाले विदेशी भाषा अंग्रेजी को अंगीकार करते हैं किंतु अपने देश की भाषा हिंदी से परहेज करते हैं।लखनऊ कांग्रेस में 28 दिसंबर 1916 को महात्मा गांधी ने कहा था, 'तमिल भाइयों ने मुझसे अपील की है कि मैं उनके सम्मुख अंग्रेजी में बोलूं, और मैं उनके आग्रह को अंशतः स्वीकार कर रहा हूं। किंतु मैं बदले में उनसे यह अपील करना चाहता हूं कि वे अगले वर्ष भर में राष्ट्रभाषा सीख लें। मैं जानता हूं कि जब भारत को स्वराज्य दे दिया जाएगा, तब कौन-सी भाषा राष्ट्रभाषा होगी। यदि उन्होंने अगले वर्ष भर में राष्ट्रभाषा नहीं सीखी, तो जहां तक मेरा संबंध है, मैं अंग्रेजी में नहीं बोलूंगा।'गांधी जी के प्रभाव में कई गैर-हिंदी भाषियों ने हिंदी को अपना विषय बनाया। 1918 में मद्रास में एनी बेसेंट ने ही सीपी रामास्वामी अय्यर की अध्यक्षता में हुई एक सभा में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की। हिंदी के सबसे बड़े समर्थक गांधी जी ने नेहरू को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित किया। 14/15 अगस्त की मध्य रात्रि को जब भारत आजाद हुआ तो प्रधानमंत्री नेहरू ने अपना पहला भाषण अंग्रेजी में किया जो बहुत प्रसिद्ध हुआ- 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी'। अंग्रेजी में वह भाषण देना पहला पाप (ऑरिजिनल सिन) था जिसकी कीमत देश आज तक चुका रहा है।यह बात भी समझ के परे है कि संविधान के किसी अनुच्छेद को 15 वर्षों तक निलंबित रखना कितना संवैधानिक था। विरोध तो बहुत सारे मुद्दों पर था।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# पिछले 4 वर्षों में अपने आपसी अंतर्कलह के चलते जनता से किये वादों को भूल गई राज्य सरकार- रामलाल शर्मा

**जयपुर (हमारा वतन)।** विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा ग्राम पंचायत हस्तेड़ा के रामलीला चौक से शुरू हुई। इसके बाद जन आक्रोश यात्रा आष्टीकलां बस स्टैंड, बागडों का बास बस स्टैंड, भूतेड़ा मुख्य चौक, जानकी नाथ मंदिर किशनपुरा, नांगल गोविंद पुराना पंचायत भवन, गुडलिया बालाजी के मंदिर के सामने, नांगल कलां मुख्य गांव में पहुंच कर आमजन से जनसम्पर्क और जनसभा का आयोजन किया गया। जन आक्रोश यात्रा के रथ के साथ सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, विधायक रामलाल शर्मा, यात्रा प्रभारी मंजू शर्मा, प्रधान रामस्वरूप यादव, उपप्रधान कमला चौधरी, निवर्तमान फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गोरा, जिला उपाध्यक्ष बजरंग सोनी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। जन आक्रोश यात्रा में वक्ताओं ने कांग्रेस सरकार के कुशासन को लेकर सरकार को जमकर घेरा। विधायक रामलाल शर्मा ने



कहा कि पिछले 4 वर्षों में कांग्रेस अपने आपसी अंतर्कलह के चलते जनता से किये वादों को सरकार भूल चुकी है और अब पूरी सरकार जनता की अनदेखी कर अपने नेताओं को खुश करने में लगी है, इस सरकार के आने के बाद प्रदेश में लूट, अपहरण, चोरी, हत्या आदि आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। जन आक्रोश यात्रा का ग्रामवासियों द्वारा भरपूर समर्थन मिल रहा है।

इस मौके पर जनाक्रोश यात्रा प्रभारी मंजू देवी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बजरंग सोनी, प्रधान रामस्वरूप यादव, उपप्रधान कमला जयप्रकाश चौधरी, यात्रा प्रमुख आशीष दुसाद, पूर्व प्रधान महेश मीणा, दिनेश गोरा, भाजपा कालाडेरा मंडल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष गजानन्द कुमावत, बांसा मंडल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, गोविंदगढ़ अध्यक्ष साधुराम गुर्जर आदि लोग मौजूद रहे ।

# इनाया फाउंडेशन ने आयोजित किया समझ स्पर्श की चुप्पी तोडो कार्यक्रम

**अलवर (हमारा वतन)।** शिक्षा विभाग अलवर और इनाया फाउंडेशन द्वारा आरएचआइ मैगनेसीया के सौजन्य से समझ स्पर्श की चुप्पी तोडो गुड -टच, बैड-टच (जीटी बेटी) कार्यक्रम द्वारा राजगढ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अलाई,राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डीघावाराप में बालक- बालिकाओं को समझ स्पर्श की चुप्पी तोडो के माध्यम से गुड टच, बैड टच, पोक्सो एक्ट 2012 , बालिका सुरक्षा हेल्पलाइन ,आर्टिकल 354, बाल विवाह उन्मूलन एवं अन्य सरकारी पहलुओं की जानकारी दी ।

इनाया फाउण्डेशन द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अलवर, राजगढ़, अकबरपुर, मरान कार्यक्रम आयोजित किया। फाउडेशन की सचिव



नितिषा शर्मा ने बताया कि पंक्ति के आखिर में खड़े हर उस सख्स तक पहुंचना होगा। छात्र-छात्राओं को ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया । इस दौरान लगभग 1700 छात्राओं को जागरूक किया। जी टी मग, टोफीज, मैडल दिए गए। टीम प्रभारी मुकेश भट्ट एवं टीम सदस्य अर्पण भट्ट, टीम समन्वयक रोहित शर्मा, टीम सदस्य सुभद्रा हजारीवाल, कुलदीप चौधरी, विराट हजारीवाल आदि का बहुत सहयोग मिला ।




# विश्व के प्रथम बाबा जयगुरुदेव मंदिर का हुआ ऐतिहासिक शिलान्यास

**हरियाणा (हमारा वतन)।** शाकाहार, सदाचार, नशामुक्ति, शराब बंदी, युवा चरित्र निर्माण और भारत से गौ हत्या का कलंक मिटाकर गाय को राष्ट्रीय पशु बनाने के साथ कलयुग में सतयुग आगमन के संकल्प के



द्वारा देश-दुनियां में जयगुरुदेव नाम से लोगों के कष्ट हरने वाला बाबा जयगुरुदेव के विश्व के प्रथम मंदिर का शिलान्यास उनके आध्यात्मिक उत्तराधिकारी बाबा उमाकान्त महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस विशेष एवं ऐतिहासिक अवसर पर भारत के समस्त प्रान्तों के अलावा दुबई, अमेरिका, मॉरीशस, नेपाल समेत अनेक देशों से बड़ी तादाद में भक्तों का आगमन हुआ। उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त महाराज ने बाबा जयगुरुदेव महाराज के इस विलक्षण मंदिर की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि इस मंदिर में आकर माथा टेकने वाला गुरु महाराज की दया-दुआ से खाली हाथ वापस नहीं जाएगा। इतना ही नहीं इस स्थान पर बैठ कर साधना करने वाले गुरु महाराज की दया का अनुभव करेंगे,उन्हें ध्यान-भजन-सुमिरन में फायदा होगा।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा